# मुक्त चिन्तन

News Letter

## उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

|| सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ||

मुक्त चिन्तन

01 मई, 2023



## माननीया कुलाधिपति जी की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2023 मनाए जाने के सम्बन्ध में समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों के कुलपति/निदेशक, कुलसचिव, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के प्रमुख, योग विभाग के अध्यक्ष,/डीन आदि की ऑनलाइन बैठक










उत्तर प्रदेश की माननीया श्री राज्यपाल एवं कुलाधिपति जी की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2023 मनाए जाने के सम्बन्ध में समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों के कुलपति/निदेशक, कुलसचिव, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के प्रमुख, योग विभाग के अध्यक्ष,/डीन आदि की ऑनलाइन बैठक दिनांक 01 मई, 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे आयोजित की गई। उक्त बैठक में उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति, प्रोफेसर सीमा सिंह, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के निदेशक, प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता, स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक, प्रोफेसर जी एस. शुक्ल, एवं कुलसचिव ने बैठक में ऑनलाइन प्रतिभाग किया।





मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

02 मई, 2023

मुक्त चिन्तन

# उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र नोएडा में बाँटे गये टेबलेट/स्मार्ट फोन








दिनांक 02 मई, 2023 को उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र नोएडा में उ.प्र. सरकार द्वारा संचालित योजना के अन्तर्गत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टेबलेट/स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । क्षेत्रीय केन्द्र, नोएडा के क्षेत्रीय केन्द्, समन्वयक, डॉ. कविता त्यागी ने बताया कि स्नातकोतर के कुल 28 छात्रों को टेबलेट्स दिये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी सांसद डॉ. कल्पना सैनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. कल्पना जी ने युवाओं के विकास हेतु योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए कहा कि डिजिटाइजेशन के इस युग में छात्र अपने टेबलेट/स्मार्टफोन का उपयोग करते हुए अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ें। कार्यक्रम की अध्य क्षता संयुक्त क्षेत्र प्रचार प्रमुख माननीय श्री कृपाशंकर जी ने की। उन्होंने कहा कि संघर्ष पथ पर निरन्तर आगे बढ़ने से ही विकास की दिशा तय होती है। निरन्तर बढ़ना ही आपको ऊर्जावान बनाता है। कार्यक्रम में शिवप्रताप जी, प्रकाश श्रीवास्वत जी, डॉ. आलोक जी, डॉ. कुलदीप जी, आदर्श जी, अनीता जोशी जी, मोनिका जी, रेणु जी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही ।



# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित



मुक्त चिन्तन

03 मई, 2023


## ज्वाला देवी इंटर कॉलेज में विद्वत परिषद का आयोजन




**सिविल लाइन स्थित ज्वाला देवी इंटर कॉलेज प्रयागराज में दिनांक 03 मई, 2023 को विद्वत परिषद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी रही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महिला सेवा सदन की प्रधानाचार्य अंजना सिंह तथा माधव ज्ञान केंद्र नैनी के प्रधानाचार्य भवानी प्रसाद त्रिपाठी मौजूद रहे।**



## आज की शिक्षा व्यवसायिक तथा रोजगार परक : प्रोफेसर सीमा सिंह

**मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी ने कहा कि समाज में हो रहे बदलाव के साथ ही शिक्षा के स्वरूप में भी परिवर्तन हो रहा है। आज की शिक्षा व्यवसायिक तथा रोजगार परक हो चुकी है। जिसके कारण शिक्षा के सार्वभौमिक उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है।**

विद्या भारती के मंत्री डॉ रघु रघुराज प्रताप सिंह ने इस विद्वत परिषद कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि शिक्षा रोजगार परक होने के साथ–साथ भारतीय मूल्यों, संस्कृति एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत किस प्रकार से हो, तथा इसमें समाज की क्या भूमिका हो सकती है, जैसे विषय पर विद्वतजनों के विचारों को जान सके, तथा शिक्षा के उन्नयन के लिए और अधिक दृणता से प्रयास कर सकें। कार्यक्रम की प्रस्तावित रखते हुए विद्यालय के प्राचार्य विक्रम बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा के विकास के लिए समाज का जागरूक होना आवश्यक है क्योंकि समाज शिक्षा को प्रभावित करता है समाज में रहने वाले ऐसे लोग जो शिक्षा के मूल्यों को जानते हैं वहीं अन्य लोगों तक शिक्षा का सही महत्व तथा मूल्य को बता सकते हैं। कार्यक्रम के संयोजक विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य तेज प्रताप सिंह रहे। अंत में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य दीपक यादव ने सभी का आभार ज्ञापन किया।

कार्यक्रम में अमित कुमार सिंह ऋषि कांत आलोक कुमार नयन प्रताप सिंह जया सिंह हितेश सिंह अमित पांडे प्रेम प्रकाश सिंह डॉ प्रशांत योगेश त्रिपाठी डॉ राकेश सिंह रवि त्रिपाठी एवं अन्य उपस्थित रहे

03 May 2023 17:56:52




# आज की शिक्षा व्यवसायिक व रोजगारपरक : प्रो. सीमा सिंह

- शिक्षा के विकास के लिये समाज का जागरुक होना आवश्यक : विक्रम सिंह

- ज्वाला देवी इण्टर कॉलेज में विद्वत परिषद् का आयोजन

प्रयागराज, 03 मई (हि.स.)। सिविल लाइन स्थित ज्वाला देवी इण्टर कॉलेज में बुधवार को विद्वत परिषद का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि समाज में हो रहे बदलाव के साथ ही शिक्षा के स्वरुप में भी परिवर्तन हो रहा है। आज की शिक्षा व्यवसायिक तथा रोजगारपरक हो चुकी है। जिसके कारण शिक्षा के सार्वभौमिक उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है।

विद्या भारती के मंत्री डॉ रघुराज प्रताप सिंह ने इस विद्वत परिषद कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि शिक्षा रोजपरक होने के साथ-साथ भारतीय मूल्यों, संस्कृति एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत किस प्रकार से हो तथा इसमें समाज की क्या भूमिका हो सकती है, जैसे विषय पर विद्वतजनों के विचारों को जान सकें तथा शिक्षा के उन्नयन के लिये और अधिक दृढ़ता के साथ प्रयास कर सकें।

कार्यक्रम की प्रस्ताविकी रखते हुये विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने कहा कि शिक्षा के विकास के लिये समाज का जागरुक होना आवश्यक है। क्योंकि समाज शिक्षा को प्रभावित करता है। समाज में रहने वाले ऐसे लोग जो शिक्षा के मूल्यों का जानते हैं वही अन्य लोगों तक शिक्षा का सही महत्व तथा मूल्य को बता सकते हैं।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि महिला सेवा सदन की प्रधानाचार्या अंजना सिंह तथा माधव ज्ञान केन्द्र नैनी के प्रधानाचार्य डॉ विन्ध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक विद्यालय के वरिष्ठ अचार्य तेज प्रताप सिंह रहे। अन्त में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य दीपक यादव ने सभी का आभार ज्ञापन किया।

कार्यक्रम में अमित कुमार सिंह, ऋषिकान्त, आलोक कुमार, अनय प्रताप सिंह, जया सिंह, हितेश सिंह, डॉ अमित पाण्डेय, डॉ प्रेम प्रकाश सिंह, डॉ प्रशान्त, योगेश त्रिपाठी, डॉ राकेश सिंह, डॉ सुरभि त्रिपाठी एवं अन्य उपस्थित रहे।

हिन्दुस्थान समाचार/विद्या कान्त/राजेश तिवारी



## मुवि ने नई शिक्षा नीति के अनुसार तैयार किया इतिहास का पाठ्यक्रम

### पूर्वोत्तर और दक्षिण भारतीय राजाओं के पराक्रम को मिली पाठ्यक्रम में जगह

मृत्युंजय मिश्र, प्रयागराज

इतिहास से जो पन्ने हटा दिए गए, उसके स्थान पर भारतीय सम्राटों के शौर्य को वापस संकलित करने का प्रयास उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने किया है। नई शिक्षा नीति पर आधारित अपने इतिहास के पाठ्यक्रम में मुगलों का महिमामंडन नहीं भारतीय राजा महाराजाओं के शौर्य को प्रमुखता से शामिल किया है। पाठ्यक्रम से मुगल साम्राज्य के इतिहास को सीमित करते हुए मुगलों से अविजित पूर्वोत्तर के राजाओं के साथ दक्षिण भारत के चोल, चालुक्य और पांड्य राजवंश को प्रमुख स्थान दिया गया है। विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा कि आखिर वीर सावरकर से अंग्रेज सरकार इतना क्यों डरी कि उनको काला पानी भेजना पड़ा। साथ ही इतिहास में हल्दीघाटी तक सीमित महाराणा प्रताप की शौर्य गाथा को विस्तार देकर मुगलों के खिलाफ उनके अन्य छापामार युद्धों को भी स्थान मिला है। संशोधित पाठ्यक्रम 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के लिए लागू किया जाएगा।

मुक्त विश्वविद्यालय की समाज विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक और पाठ्यक्रम तैयार करने वाले प्रो. संतोषा कुमार ने बताया, कि इतिहास से जो पन्ने हटा दिए गए हैं, उन्हें वापस संकलित करना ही होगा क्योंकि यही हिन्दू राजाओं के प्रतिरोध और शौर्य के प्रतीक हैं। इतिहास के पाठ्यक्रम में दरबारी इतिहास भरा पड़ा है। इतिहास का प्रमुख सोर्स अबुल फजल के अकबरनामा को माना जाता है, पर क्या कोई दरबारी इतिहास सच लिख सकेगा। अभी जो पढ़ रहे हैं, उसमें जन सामान्य का इतिहास किनारे कर दिया गया है। इतिहास में मार्क्सवादी दृष्टिकोण दिखता है, जिसे अब नए विचार करके अनुसंधान के आधार पर फिर से तैयार किया गया है। पाठ्यक्रम में मुगल सल्तनत के पाठों को हटाया नहीं बल्कि सीमित करते हुए दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर भारत के राजवंशों को विस्तारित किया गया है। प्रो. संतोषा कुमार कहते हैं कि इतिहास में मुगलों का इतिहास भरा पड़ा है। मध्य भारत व दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के इतिहास को किनारे कर देते हैं। पाठ्यक्रम में इन तथ्यों को ला रहे हैं। पूर्वोत्तर का अहोम साम्राज्य, जिसे अब असोम के नाम से जानते हैं, उसके सेनापति की बहादुरी से 1671 में हुई सराईघाट की लड़ाई में मुगल सेना को लौटना पड़ा और इतनी मारकाट हुई कि मुगलों को फिर हमला करने की हिम्मत नहीं पड़ी। अंग्रेजों ने इतिहास को प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक रूप में बांटा। इसके पाठ्यक्रम में हम वैभव काल, पराभव काल और पुनर्निर्माण काल के रूप में बांटकर पढ़ाएंगे।

**हर जिले के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को पढ़ेंगे छात्र**

प्रो. संतोषा कुमार बताते हैं कि हम कुछ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पढ़ते हैं। स्थानीय सेनानियों ने भी वीरता भरे काम किए। पाठ्यक्रम में हर जिले के स्थानीय सेनानियों को शामिल किया गया है। यह पाठ्यक्रम पांच वर्ष का होगा। इसमें पहले वर्ष छोड़ने पर प्रमाणपत्र, दूसरे वर्ष डिप्लोमा, तीसरे वर्ष डिग्री, चौथे वर्ष डिग्री रिसर्च और पांचवें वर्ष परास्नातक की डिग्री मिलेगी। यह पाठ्यक्रम तैयार कर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भेज दिया गया है।



## मुवि ने मांगी ओडीएल के साथ रेगुलर कोर्स चलाने की अनुमति

जासं, प्रयागराज: उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने आनलाइन डिस्टेंस लर्निंग के साथ ही रेगुलर पाठ्यक्रमों को चालने की अनुमति मांगी है। इसको लेकर मुवि ने यूजीसी के साथ ही प्रदेश सरकार को भी प्रत्यावेदन भेजा है। साथ ही मुवि के पाठ्यक्रमों के लिए हर पांच वर्ष में मान्यता का नवीनीकरण की व्यवस्था को गैरजरूरी बताते हुए इसको समाप्त करने की मांग की है।

यूजीसी को भेजे गए प्रत्यावेदन में कहा गया है कि कोई राज्य विश्वविद्यालय यदि डिस्टेंस लर्निंग का कार्यक्रम चलाता है तो उसको बार-बार मान्यता नवीनीकरण की प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता है। वहीं, दूसरी ओर आनलाइन डिस्टेंस लर्निंग कार्यक्रम चलाने वाले मुक्त विश्वविद्यालयों को हर पांच वर्ष में नवीनीकरण कराना होता है। साथ ही यह भी प्रश्न उठाया कि जब राज्य विश्वविद्यालय डिस्टेंस लर्निंग के पाठ्यक्रम चला सकते हैं तो मुक्त विश्वविद्यालय रेगुलर पाठ्यक्रम क्यों नहीं चला सकते। इस नियम में भी बदलाव की मांग उठाई गई है। पारंपरिक और मुक्त विश्वविद्यालय में किसी कार्यक्रम में न्यूनतम शिक्षकों के मानक अलग-अलग होने के नियमों को बदलने की मांग की गई है। सेंटर फार इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस (सीका) के निदेशक प्रो. आशुतोष गुप्ता का कहना है कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य कौशल संवर्धन है। जिसमें यह सभी बाध्यताएं बाधा बन रही हैं। ओडीएल और राज्य विश्वविद्यालयों के लिए बने नियमों में काफी विसंगतियां हैं, इनको समाप्त करने के लिए प्रदेश सरकार व यूजीसी को प्रत्यावेदन भेजा गया है।

# मुक्त चिन्तन

News Letter



उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

08 मई, 2023





## मुक्त विश्वविद्यालय ने गोद लिए गांवों में प्रारंभ किया योग जागरूकता कार्यक्रम





### 26 मई को सराय मदन सिंह उर्फ चांटी गांव में होगा समापन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने गोद लिए गांव में योग जागरूकता एवं कार्यशाला का आयोजन प्रारंभ किया है। जिसका प्रारंभ आज लेहरा तिवारीपुर गांव से योग जागरूकता के माध्यम से किया गया। राज्यपाल सचिवालय के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार दिनांक 08 मई, 2023 को विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव लेहरा तिवारीपुर में योग जागरूकता शिविर का शुभारम्भ किया। जागरूकता कार्यक्रम का समापन 26 मई को सराय मदन सिंह उर्फ चांटी गांव में होगा। योग जागरूकता शिविर में ग्राम वासियों ने प्रतिभाग किया। इस शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा, महिला अध्ययन केंद्र एवं कृषि विज्ञान विद्या शाखा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ।





उपस्थित जनसमुदाय का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन प्रोफेसर जी.एस. शुक्ल, निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा द्वारा किया गया। प्रोफेसर रुचि बाजपेई, समन्वयक, महिला अध्ययन केंद्र ने विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं को योग से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। योग प्रशिक्षण श्री अनुराग शुक्ल एवं श्री निकेत सिंह द्वारा ग्राम वासियों को सूक्ष्म योग, प्राणायाम, ध्यान, मुद्रा, बन्ध, प्रार्थना आदि का अभ्यास कराया गया। धन्यवाद ज्ञापन कृषि विज्ञान विद्या शाखा के निदेशकएवं लेहरा तिवारीपुर गॉव के प्रभारी प्रोफेसर पी.पी. दुबे ने किया। इस अवसर पर लेहरा तिवारीपुर गॉव के प्रधान ने विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि इसी कड़ी में 11 मई को बारी, सोरांव, 12 मई को मातादीन का पूरा, 14 मई को टीएसएल चाड़ी, 15 मई को गोहरी, 17 मई को जैतवार डीह तथा 26 मई को सराय मदन सिंह उर्फ चांटी गांव में योग जागरूकता शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन योग प्रशिक्षकों एवं महिला अध्ययन केंद्र द्वारा किया जाएगा।कार्यक्रम में ग्रामवासी, महिला अध्ययन केंद्र की सहायक समन्वयक, डॉ0 साधना श्रीवास्तव, कृषि विज्ञान विद्याशाखा एवं के स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा के शिक्षक तथा कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।




*स्वागत एवं विषय परिवर्तन करते हुए निदेशक स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, प्रोफेसर जी.एस. शुक्ल*













*ग्राम वासियों को सूक्ष्म योग, प्राणायाम, ध्यान, मुद्रा, बन्ध, प्रार्थना आदि का अभ्यास कराते हुए योग प्रशिक्षण श्री अनुराग शुक्ल एवं श्री निकेत सिंह*




ग्राम वासियों को सूक्ष्म योग, प्राणायाम, ध्यान, मुद्रा, बन्ध, प्रार्थना आदि का अभ्यास कराते हुए योग प्रशिक्षण श्री अनुराग शुक्ल एवं श्री निकेत सिंह



महिलाओं को योग से जोड़ने के लिए प्रेरित करती हुई महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक, प्रोफेसर रुचि बाजपेई एवं धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कृषि विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक, एवं लेहरा तिवारीपुर गॉव के प्रभारी प्रोफेसर पी.पी. दुबे



विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना एवं विश्वविद्यालय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए लेहरा तिवारीपुर गॉव के प्रधान



3 राजधानी नवाचार और उद्यमिता का हब बनेगा यूपी
6 अभिमत कौन है गहलोत की गुगली का निशाना?
10 विदेश आईएस की मदद में भारतीय मूल का अमेरिकी आरोपित
12 स्पोर्ट्स राहुल की जगह इशान भारतीय टीम में

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 197
लखनऊ, मंगलवार, 9 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर



वायुसेना विरासत केंद्र का उद्घाटन किया
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# मुविवि ने गोद लिए गांवों में शुरू किया योग जागरूकता कार्यक्रम



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने गोद लिए गांव में योग जागरूकता एवं कार्यशाला का आयोजन शुरू किया है। जिसका प्रारंभ सोमवार को लेहरा तिवारीपुर गांव में योग जागरूकता के माध्यम से किया गया। राज्यपाल सचिवालय के निर्देश पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सीमा सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव लेहरा तिवारीपुर में योग जागरूकता शिविर का शुभारम्भ किया। जागरूकता कार्यक्रम का समापन 26 मई को सराय मदन सिंह उर्फ चांटी गांव में होगा। शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा, महिला अध्ययन केंद्र एवं कृषि विज्ञान विद्या शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। विषय प्रवर्तन प्रो जी एस शुक्ल निदेशक स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा ने किया। प्रो रुचि बाजपेई समन्वयक महिला अध्ययन केंद्र ने महिलाओं को योग से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। योग प्रशिक्षक अनुराग शुक्ल एवं निकेत सिंह द्वारा ग्राम वासियों को सूक्ष्म योग, प्राणायाम, ध्यान, मुद्रा, बन्ध, प्रार्थना आदि का अभ्यास कराया गया।

मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
09 मई, 2023

# अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में ऑनलाइन समीक्षा बैठक



*ऑनलाइन समीक्षा बैठक करती हुई अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश*



## माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह




उत्तर प्रदेश की माननीया राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया द्वारा समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में संचालित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा हेतु समस्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों के कुलपतियों/निदेशकों के साथ दिनांक 09.05-2023 को अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में ऑनलाइन समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में राज्यपाल सचिवालय के पत्र संख्याः 2266/32–जी0एस0/ 2023–XIV दिनांक 17.04.2023 में अंकित समीक्षा बिंदुओं के अतिरिक्त विश्वविद्यालय में आडिट से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। उक्त ऑनलाइन बैठक में विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह, परीक्षा नियंत्रक, श्री डी.पी. सिंह एवं कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने प्रतिभाग किया।





*अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में ऑनलाइन समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करती हुई विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह, परीक्षा नियंत्रक, श्री डी.पी. सिंह एवं कुलसचिव, कर्नल विनय कुमार*

मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन 10 मई, 2023



# मुक्त विश्वविद्यालय के सीका की बैठक आयोजित



उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के Centre for Internal Quality Assurance (CIQA) की बैठक दिनांक 10 मई, 2023 को पूर्वान्ह 11:30 बजे CIQA हाल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी ने की। प्रारम्भ में सीका निदेशक प्रो0 आशुतोष गुप्ता ने मा0 कुलपति जी एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा बैठक के बारे में सभी को विस्तार से बताया। धन्यवाद ज्ञापन सीका उप निदेशक प्रो0 सन्तोषा कुमार ने किया।





*बैठक की अध्यक्षता करती हुई विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह एवं उपस्थित सीका के सदस्यगण*



माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह





*बैठक की अध्यक्षता करती हुई विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह एवं बैठक के बारे बताते हुए निदेशक विज्ञान विद्याशाखा एवं निदेशक सीका प्रो0 आशुतोष गुप्ता*

**बैठक में विश्वविद्यालय तथा सीका के सम्मानित सदस्य प्रो0 पी0पी0 दुबे निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा, प्रो0(डॉ0) जी0एस0 शुक्ल, निदेशक स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, प्रो0 सत्यपाल तिवारी, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा, प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, शिक्षा विद्याशाखा, प्रो0 संतोषा कुमार, निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा एवं उपनिदेशक, सीका, प्रो0 एम0एन0 सिंह, पूर्व निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा, कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, प्रो0 आशुतोष गुप्ता, निदेशक विज्ञान विद्याशाखा एवं निदेशक सीका उपस्थित रहे।**



*बैठक की अध्यक्षता करती हुई विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह एवं उपस्थि सीका के सदस्यगण*

मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

11 मई, 2023


# मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव बारी में योग जागरूकता शिविर का आयोजन




राज्यपाल सचिवालय के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा विद्याशाखा, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा एवं महिला अध्ययन केंद्र के सहयोग से गुरुवार दिनांक 11 मई, 2023 को योग जागरूकता शिविर का आयोजन शिक्षा विद्याशाखा द्वारा गोद लिए गए बारी गांव में आयोजित किया गया।





कार्यक्रम का शुभारंभ बारी गांव की पंचायत भवन के प्रांगण में शिक्षाविद्या शाखा के निदेशक प्रो0 पी0के0 स्टालिन द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने सभी ग्राम वासियों, ग्राम प्रधान, उच्च प्राथमिक विद्यालय बारी गांव के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया, साथ ही उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्याशाखा, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा एवं महिला अध्ययन केंद्र के समस्त आचार्य, सह आचार्य, सहायक आचार्य एवं उपस्थित समस्त कर्मचारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक अनुराग शुक्ला व निकेत सिंह ने चक्रीय आसन, वज्रासन, मंडूकासन, उत्तान आसन के साथ–साथ प्राणायाम, अनुलोम विलोम जैसे विभिन्न प्रकार के योगासनों का प्रशिक्षण ग्रामीणों को प्रदान किया। तदोपरांत स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रो0 जी0 एस0 शुक्ल ने योग के विभिन्न आसनों से संबंधित लाभ एवं शारीरिक और मानसिक व सामाजिक विकास में योगदान का वर्णन किया। इसके बाद महिला अध्ययन केंद्र की प्रभारी प्रोफेसर रुचि बाजपेई ने ग्रामीण एवं विद्यार्थियों विशेष रूप से महिलाओं को योग के प्रति जागरूक किया। जिसमें उन्होंने यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि का अर्थ समझाते हुए वर्णन किया। इसी क्रम में शिक्षा विद्याशाखा के निदेशक प्रो0 पी0 के0 स्टालिन ने ग्रामीणों को बताया कि नियमित योग करने से मन मस्तिष्क एवं शरीर को स्वस्थ और निरोगी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में प्रो0 छत्रसाल सिंह (शिक्षा विद्याशाखा) सभी ग्राम वासियों, ग्राम प्रधान, उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षार्थियों व विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, महिला अध्ययन केंद्र व शिक्षा विद्याशाखा के आचार्य, सह आचार्य एवं सहायक आचार्य तथा समस्त उपस्थित कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में उक्त के अतिरिक्त सह आचार्य डॉ0 दिनेश सिंह, सहायक आचार्य डॉ0 सुरेंद्र कुमार, डॉ0 नीता मिश्रा, डॉ0 रविंद्र नाथ सिंह, डॉ0 संजय कुमार सिंह, श्रीमती सुषमा सिंह, डॉ0 बाल गोविंद सिंह, डॉ0 शैलेंद्र कुमार, डॉ0 पुष्पेंद्र कुमार वर्मा, श्रीमती कौमुदी शुक्ला, प्रशासन विभाग के कम्चारी रवि शुक्ला सहित विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।










*ग्राम वासियों को सूक्ष्म योग, प्राणायाम, ध्यान, मुद्रा, बन्ध, प्रार्थना आदि का अभ्यास कराते हुए योग प्रशिक्षण श्री अनुराग शुक्ल एवं श्री निकेत सिंह*

**News Letter**

# मुक्त चिन्तन



## उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

|| सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ||

मुक्त चिन्तन

11 मई, 2023









# हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर किया ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षा विद्याशाखा के तत्वाधान में आज दिनांक 11 मई, 2023 को शिक्षा विद्या शाखा, स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं महिला अध्ययन केंद्र के सहयोग से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विद्याशाखा द्वारा गोद लिए गए बारी गांव में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उच्च प्राथमिक विद्यालय बारी सोरांव में किया गया। उक्त कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य, सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राओं तथा बारी गांव के सम्मानित सदस्य एवं महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

बारी में ग्रामीण महिलाओं से उनके द्वारा निर्मित हस्तशिल्प सामग्री पंखे, पांव दान आदि महिला अध्ययन केन्द्र हेतु दस्तकारी के नमूने के रूप में क्रय किए गए। इस अवसर पर महिला अध्ययन केन्द्र की समन्वयक प्रो. रुचि बाजपेई, सहायक समन्वयक डॉ. साधना श्रीवास्तव, डॉ. नीता मिश्रा, सुषमा सिंह एवं कौमुदी शुक्ला ने ग्रामीण महिलाओं की रचनात्मकता की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का धन्यवाद शिक्षा विद्या शाखा के प्रोफेसर छत्रसाल सिंह जी ने किया। प्रोफेसर सिंह ने कार्यक्रम के सभी आयोजकों, सदस्यों, उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों तथा सभी गांव वालों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज हम सभी मिलकर यह प्रण लेते हैं कि हम अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे। उक्त कार्यक्रम में शिक्षा विद्याशाखा के सह आचार्य डॉ0 दिनेश सिंह, सहायक आचार्य डॉ0 सुरेंद्र कुमार, शिक्षक डॉ0 नीता मिश्रा, डॉ0 संजय सिंह, डॉ रविंद्र नाथ सिंह, श्रीमती सुषमा सिंह, श्रीमती कौमुदी शुक्ला, डॉ0 शैलेंद्र कुमार, डॉ0 पुष्पेंद्र कुमार वर्मा, डॉ0 बाल गोविंद सिंह, यागे प्रशिक्षक श्री निकेत सिंह एवं श्री अनुराग शुक्ल तथा, प्रशासन विभाग के रवि शुक्ला एवं बारी गांव के सम्मानित सदस्य पूर्व प्रधान श्री हृदय नारायण द्विवेदी, श्री हरि नारायण मिश्र, सूर्य नारायण पाण्डेय जी उपस्थित थे।




कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा विद्या शाखा के निदेशक प्रो0 पी0 के0 स्टालिन जी ने सभी गांव वालों का स्वागत करते हुए बताया कि भारत के लोकतंत्र के बहुमुखी विकास में जनता की सहभागिता और मजबूत राजनैतिक तंत्र की बुनियाद में मतदान की भूमिका सबसे अहम होती है। अतः हमें अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करना चाहिए तथा देश के उन्नति एवं विकास में सहयोग देना चाहिए। प्रोफेसर स्टालिन जी के द्वारा बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा गया कि आप ही कल का भविष्य है। आप अपने माता–पिता एवं शिक्षकों से मतदान के महत्व पर चर्चा कीजिए तथा सब को अभिप्रेरित करें कि वे अपने मतदान के अधिकारों का प्रयोग कर सके।






स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर गिरिजा शंकर शुक्ला जी ने अपने वक्तव्य में मतदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है भारत में ऐसी कई प्रकार की चीजें हैं जो मतदान से तय की जाती हैं मतदान का प्रयोग कर हम अपना प्रतिनिधि चुनते हैं जो हमारे लिए तथा देश के विकास के लिए कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य कर सके। अतः हमें अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।





महिला अध्ययन केंद्र की सह समन्वयक डॉ साधना श्रीवास्तव जी ने कहा कि हर एक व्यक्ति का वोट बेहद कीमती होता है क्योंकि एक वोट भी किसी सरकार को गिराने और उसे बनाने का दमखम रखता है। लेकिन आज भी कई लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने को लेकर जागरूक नहीं है हमें अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करना चाहिए तथा समाज व देश के विकास में सहयोग देना चाहिए।

महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रोफेसर रुचि बाजपेई जी ने कहा कि भारत एक लोकतंत्रात्मक गणराज्य है, जहां जनता का शासन चलता है जनता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर एक ऐसे व्यक्ति को चुनती है, जो देश को विकास के पथ पर अग्रसर करवाने के लिए योग्य हो और देश की बागडोर को कुशलतापूर्वक संभाल सके। अतः प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों का प्रयोग करना चाहिए। तथा देश के विकास में सहयोग करना चाहिए।



उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार है और हम सबको अपने अधिकारों का प्रयोग अवश्य करना चाहिए हम आज सभी बच्चों से यह प्रण लेते हैं कि वे बड़े होकर अपने मतदान का प्रयोग करेंगे तथा अपने परिवार वालों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे।






*धन्यवाद ज्ञापन करते हुए शिक्षा विद्याशाखा के प्रोफेसर छत्रसाल सिंह जी*

# बारी गांव के कार्यक्रम की कुछ दुर्लभ तस्वीरें



*ग्रामीण महिलाओं से उनके द्वारा निर्मित हस्तशिल्प सामग्री (पंखे, पांव दान आदि) महिला अध्ययन केन्द्र हेतु दस्तकारी के नमूने के रूप में क्रय करती हुई महिला अध्ययन केन्द्र की समन्वयक प्रो. रुचि बाजपेई एवं सायक समन्वयक डॉ. साधना श्रीवास्तव, साथ में शिक्षा विद्याशाखा की प्राध्यापिकाएं डॉ. नीता मिश्रा, सुषमा सिंह एवं कौमुदी शुक्ला ।*

मुक्त चिन्तन
News Letter
॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
11 मई, 2023

# मुक्त विश्वविद्यालय के नैक की सात काइटेरिया के प्रभारी एवं सदस्यों की बैठक




*बैठक की अध्यक्षता करती हुई माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी एवं उपस्थित विद्याशाखा के निदेशक, सीका निदेशक, सीका उप निदेशक, कुलसचिव नैक की सात काइटेरिया के प्रभारी एवं सदस्यगण*





उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के नैक की सात काइटेरिया के प्रभारी एवं सदस्यों की बैठक दिनांक 11 मई, 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कमेटी कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी ने की। बैठक में विद्याशाखाओं के निदेशक, सीका के निदेशक, सीका के उप निदेशक, कुलसचिव, नैक की सात काइटेरिया के सभी प्रभारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।




बैठक की अध्यक्षता करती हुई माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी एवं उपस्थित विद्याशाखा के निदेशक, सीका निदेशक, सीका उप निदेशक, कुलसचिव नैक की सात काइटेरिया के प्रभारी एवं सदस्यगण










*बैठक की अध्यक्षता करती हुई माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी एवं उपस्थित विद्याशाखा के निदेशक, सीका निदेशक, सीका उप निदेशक, कुलसचिव नैक की सात काइटेरिया के प्रभारी एवं सदस्यगण*











*बैठक की अध्यक्षता करती हुई माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी एवं उपस्थित विद्याशाखा के निदेशक, सीका निदेशक, सीका उप निदेशक, कुलसचिव नैक की सात काइटेरिया के प्रभारी एवं सदस्यगण*

आज ही बनवाए अपनी न्यूज़ वेबसाईट CLICK HERE STARTING @ RS. 3999 Traffic Tail CALL NOW : 8770247277



# मुक्त विश्वविद्यालय ने बारी गांव में लगाया योग एवं मतदाता जागरूकता शिविर।

At Samachar | May 11, 2023 | 5:58 pm



हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर किया ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन।

**Prayagraj,up:** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा विद्या शाखा,स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं महिला अध्ययन केंद्र के सहयोग से गुरुवार को योग जागरूकता शिविर एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गए बारी गांव में आयोजित किया गया। महिला अध्ययन केंद्र ने हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।



उच्च प्राथमिक विद्यालय, बारी सोरांव में शिक्षा विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर पी के स्टालिन ने गांव वालों का स्वागत करते हुए बताया कि भारत के लोकतंत्र के बहुमुखी विकास में जनता की सहभागिता और मजबूत राजनैतिक तंत्र की बुनियाद में मतदान की भूमिका सबसे अहम होती है। अतः हमें अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करना चाहिए तथा देश के उन्नति एवं विकास में सहयोग देना चाहिए।

महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रोफेसर रुचि बाजपेई ने कहा कि भारत एक लोकतंत्रात्मक गणराज्य है, जहां जनता का शासन चलता है। जनता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर एक ऐसे व्यक्ति को चुनती है, जो देश को विकास के पथ पर अग्रसर करवाने के लिए योग्य हो और देश की बागडोर को कुशलतापूर्वक संभाल सके।



महिला अध्ययन केंद्र की सहायक समन्वयक डॉ साधना श्रीवास्तव ने कहा कि हर एक व्यक्ति का वोट बेहद कीमती होता है क्योंकि एक वोट भी किसी सरकार को गिराने और उसे बनाने का दमखम रखता है।

स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरिजा शंकर शुक्ल ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में ऐसी कई प्रकार की चीजें हैं जो मतदान से तय की जाती हैं। मतदान का प्रयोग कर हम अपना प्रतिनिधि चुनते है जो हमारे लिए तथा देश के विकास के लिए कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य कर सके।



उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार है और हम सबको अपने अधिकारों का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित सभी बच्चे अपने परिवार वालों को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षा विद्या शाखा के प्रोफेसर छत्रसाल सिंह ने किया।

बारी में ग्रामीण महिलाओं से उनके द्वारा निर्मित हस्तशिल्प सामग्री पंखे, पांव दान आदि महिला अध्ययन केन्द्र हेतु दस्तकारी के नमूने के रूप में क्रय किए गए। इस अवसर पर महिला अध्ययन केन्द्र की समन्वयक प्रो. रुचि बाजपेई, सहायक समन्वयक डॉ. साधना श्रीवास्तव, डॉ. नीता मिश्रा, सुषमा सिंह एवं कौमुदी शुक्ला ने ग्रामीण महिलाओं की रचनात्मकता की प्रशंसा की।



अंगीकृत गांव बारी में विश्वविद्यालय की तरफ से योग जागरूकता शिविर में प्रोफेसर जी एस शुक्ल, अनुराग शुक्ला एवं निकेत सिंह ने योग एवं विभिन्न आसनों से संबंधित लाभ के बारे में बताया। इसके साथ ही शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में योगदान का वर्णन किया।

उक्त कार्यक्रम में सह आचार्य डॉक्टर दिनेश सिंह, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ नीता मिश्रा, डॉ संजय सिंह, डॉ रविंद्र कुमार सिंह, सुषमा सिंह, कौमुदी शुक्ला, डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ पुष्पेंद्र कुमार वर्मा, डॉ बाल गोविंद सिंह, डॉ सुरेंद्र सिंह, निकेत सिंह, अनुराग शुक्ल, हृदय नारायण द्विवेदी, हरि नारायण मिश्र, सूर्य नारायण पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

3 राजधानी एकेटीयू के 15 छात्रों को मिली नौकरी | 6 अभिमत बेहतर जन विश्वास विधेयक जरूरी | 11 राष्ट्रीय अग्निवीरों को रेलवे की नौकरियों में आरक्षण | 12 स्पोर्ट्स विश्वकप में दिव्या-सरबजोत ने लगाया सोने पर निशाना

RNI NO.UPHIN/2010/36547
लखनऊ, शुक्रवार, 12 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



व्हाइट हाउस में नई भूमिका को लेकर उत्साहित हूं : नीरा
विदेश-10

# हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर किया ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन



योग और प्राणायाम सिखाते प्रशिक्षक।

**प्रयागराज।** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्या शाखा, स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं महिला अध्ययन केंद्र के सहयोग से गुरुवार को योग जागरूकता शिविर एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। शिक्षा विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गए बारी गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में महिला अध्ययन केंद्र द्वारा हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगायी गयी। सामग्री खरीद कर ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन किया गया। शिक्षा विद्या शाखा के निदेशक प्रो पी के स्टालिन ने कहा कि लोकतंत्र के बहुमुखी विकास में जनता की सहभागिता और मजबूत राजनैतिक तंत्र की बुनियाद में मतदान की भूमिका अहम होती है। महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो रुचि बाजपेई ने कहा कि भारत लोकतंत्रात्मक गणराज्य है, जहां जनता का शासन चलता है। सहायक समन्वयक डॉ साधना श्रीवास्तव ने कहा कि हर एक व्यक्ति का वोट बेहद कीमती होता है। स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो गिरिजा शंकर शुक्ल ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार है। बारी गांव में ग्रामीण महिलाओं से उनके द्वारा निर्मित हस्तशिल्प सामग्री पंखे, पावदान आदि महिला अध्ययन केन्द्र हेतु दस्तकारी के नमूने के रूप में क्रय किए गए। प्रो रुचि बाजपेई, डॉ साधना श्रीवास्तव, डॉ नीता मिश्रा, सुषमा सिंह एवं कौमुदी शुक्ला ने ग्रामीण महिलाओं की रचनात्मकता की प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ दिनेश सिंह, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ संजय सिंह, डॉ रवीन्द्र कुमार सिंह, डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ पुष्पेंद्र कुमार वर्मा, डॉ बाल गोविंद सिंह, सूर्य नारायण पाण्डेय उपस्थित थे।

हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शुक्रवार



मुक्त विश्वविद्यालय ने बारी गांव में गुरुवार को लगाया जागरूकता शिविर।

# बारी गांव के लोगों को योग के लाभ बताए

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से गुरुवार को योग जागरूकता शिविर एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विद्या शाखा की ओर से गोद लिए गए बारी गांव में किया गया। महिला अध्ययन केंद्र ने हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। प्रो. जीएस शुक्ल, अनुराग शुक्ल ने योग व विभिन्न आसनों से होने वाले लाभ के बारे में बताया। प्रोफेसर पीके स्टालिन ने बताया कि भारत के लोकतंत्र के बहुमुखी विकास में जनता की सहभागिता और मजबूत राजनैतिक तंत्र की बुनियाद में मतदान की भूमिका सबसे अहम होती है। अतः हमें अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

# आनंदी मेल



2 लखनऊ, शुक्रवार, 12 मई 2023 कानपुर/प्रयागराज/कन्नौज/उन्नाव

## मुक्त विश्वविद्यालय ने बारी गांव में लगाया योग एवं मतदाता जागरूकता शिविर

### हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर किया ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन



---

संस्करण : प्रयागराज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक www.pratahkalexpress.in

वर्ष : 10 अंक : 71 पृष्ठ : 6 मूल्य : 5.0

# प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

शुक्रवार 12 मई 2023

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित

## मुक्त विश्वविद्यालय ने बारी गांव में लगाया योग एवं मतदाता जागरूकता शिविर

### हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर किया ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन



---

# अमर उजाला

## शिविर में योग, मतदान के प्रति किया जागरूक

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्या एवं स्वास्थ्य विज्ञान विद्यालय शाखा तथा महिला अध्ययन केंद्र की ओर से बृहस्पतिवार को सोरांव के बारी गांव में शिविर लगाकर लोगों को योग एवं मतदान के प्रति जागरूक किया गया। शिक्षा विद्या शाखा की ओर से इस गांव को गोद लिया गया है। अध्यापकों ने महिलाओं की ओर से तैयार वस्तुएं भी खरीदीं। इस दौरान प्रोफेसर पीके स्टालिन, डॉ. साधना श्रीवास्तव, प्रोफेसर गिरिजा शंकर शुक्ल, प्रोफेसर जीएस शुक्ल आदि ने विचार रखे। ब्यूरो

---

# दैनिक जागरण

## मुक्त विवि का योग जागरूकता शिविर

प्रयागराज : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से योग जागरूकता शिविर लगाया गया। यह आयोजन शिक्षा विद्या शाखा की ओर से गोद लिए गए बारी गांव में हुआ। स्थानीय लोगों को योग का महत्व बताने के साथ प्रो. पीके स्टालिन ने लोकतांत्रिक व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी दी। डा. साधना श्रीवास्तव, प्रो. गिरिजा शंकर शुक्ल, प्रो. छत्रसाल सिंह, प्रो. रुचि बाजपेई, डा. नीता मिश्रा, सुषमा सिंह कौमुदी शुक्ला आदि मौजूद रहीं।

---

# दैनिक जागरण

## हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर बढ़ाया महिलाओं का उत्साह

PIC: DAINIK JAGRAN i NEXT



हस्तशिल्प सामग्री पाकर उत्साहित रही महिलाएं.

### यूपीआरटीओयू ने बारी गांव में लगाया योग एवं मतदाता जागरूकता शिविर

prayagraj@inext.co.in

**PRAYAGRAJ (11 May):** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा विद्या शाखा, स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं महिला अध्ययन केंद्र के सहयोग से गुरुवार को योग जागरूकता शिविर एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गए बारी गांव में आयोजित किया गया. महिला अध्ययन केंद्र ने हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन किया. उच्च प्राथमिक विद्यालय, बारी सोरांव में शिक्षा विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर पी के स्टालिन ने गांव वालों का स्वागत करते हुए बताया कि भारत के लोकतंत्र के बहुमुखी विकास में जनता की सहभागिता और मजबूत राजनैतिक तंत्र की बुनियाद में मतदान की भूमिका सबसे अहम होती है. अत: हमें अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करना चाहिए तथा देश के उन्नति एवं विकास में सहयोग देना चाहिए.

### भारत में चलता है जनता का शासन

महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रोफेसर रुचि बाजपेई ने कहा कि भारत एक लोकतंत्रात्मक गणराज्य है, जहां जनता का शासन चलता है. जनता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर एक ऐसे व्यक्ति को चुनती है, जो देश को विकास के पथ पर अग्रसर करवाने के लिए योग्य हो और देश की बागडोर को कुशलतापूर्वक संभाल सके. महिला अध्ययन केंद्र की सहायक समन्वयक डॉ साधना श्रीवास्तव ने कहा कि हर एक व्यक्ति का वोट बेहद कीमती होता है क्योंकि एक वोट भी किसी सरकार को गिराने और उसे बनाने का दमखम रखता है. स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो. गिरिजा शंकर शुक्ल ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. भारत में ऐसी कई प्रकार की चीजें हैं जो मतदान से तय की जाती हैं. मतदान का प्रयोग कर हम अपना प्रतिनिधि चुनते हैं जो हमारे लिए तथा देश के विकास के लिए कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य कर सके. उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार है और हम सबको अपने अधिकारों का प्रयोग अवश्य करना चाहिए. उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित सभी बच्चे अपने परिवार वालों को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे. धन्यवाद ज्ञापन शिक्षा विद्या शाखा के प्रोफेसर छत्रसाल सिंह ने किया.

### सैंपल को किया परचेज

बारी में ग्रामीण महिलाओं से उनके द्वारा निर्मित हस्तशिल्प सामग्री पंखे, पांव दान आदि महिला अध्ययन केन्द्र हेतु दस्तकारी के नमूने के रूप में क्रय किए गए. इस अवसर पर महिला अध्ययन केन्द्र की समन्वयक प्रो. रुचि बाजपेई, सहायक समन्वयक डॉ. साधना श्रीवास्तव, डॉ. नीता मिश्रा, सुषमा सिंह एवं कौमुदी शुक्ला ने ग्रामीण महिलाओं की रचनात्मकता की प्रशंसा की. अंगीकृत गांव बारी में विश्वविद्यालय की तरफ से योग जागरूकता शिविर में प्रोफेसर जी एस शुक्ल, अनुराग शुक्ला एवं निकेत सिंह ने योग एवं विभिन्न आसनों से संबंधित लाभ के बारे में बताया. इसके साथ ही शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में योगदान का वर्णन किया. डॉक्टर दिनेश सिंह, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ नीता मिश्रा, डॉ संजय सिंह, डॉ रविंद्र कुमार सिंह, श्रीमती सुषमा सिंह, श्रीमती कौमुदी शुक्ला, डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ पुष्पेंद्र कुमार वर्मा, डॉ बाल गोविंद सिंह, डॉ सुरेंद्र सिंह, निकेत सिंह, अनुराग शुक्ल, हृदय नारायण द्विवेदी, हरि नारायण मिश्र, सूर्य नारायण पाण्डेय आदि उपस्थित थे.

---

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

## मुक्त विश्वविद्यालय ने बारी गांव में लगाया योग एवं मतदाता जागरूकता शिविर

### हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर किया ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन





**मुख्य संवाददाता**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा विद्या शाखा,स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं महिला अध्ययन केंद्र के सहयोग से गुरुवार को योग जागरूकता शिविर एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गए बारी गांव में आयोजित किया गया। महिला अध्ययन केंद्र ने हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय, बारी सोरांव में शिक्षा विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर पी के स्टालिन ने गांव वालों का स्वागत करते हुए बताया कि भारत के लोकतंत्र के बहुमुखी विकास में जनता की सहभागिता और मजबूत राजनैतिक तंत्र की बुनियाद में मतदान की भूमिका सबसे अहम होती है। अतः हमें अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करना चाहिए तथा देश के उन्नति एवं विकास में सहयोग देना चाहिए।

महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रोफेसर रुचि बाजपेई ने कहा कि भारत एक लोकतंत्रात्मक गणराज्य है, जहां जनता का शासन चलता है। जनता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर एक ऐसे व्यक्ति को चुनती है, जो देश को विकास के पथ पर अग्रसर करवाने के लिए योग्य हो और देश की बागडोर को कुशलतापूर्वक संभाल सके।

महिला अध्ययन केंद्र की सहायक समन्वयक डॉ साधना श्रीवास्तव ने कहा कि हर एक व्यक्ति का वोट बेहद कीमती होता है क्योंकि एक वोट भी किसी सरकार को गिराने और उसे बनाने का दमखम रखता है। स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरिजा शंकर शुक्ल ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में ऐसी कई प्रकार की चीजें हैं जो मतदान से तय की जाती हैं। मतदान का प्रयोग कर हम अपना प्रतिनिधि चुनते हैं जो हमारे लिए तथा देश के विकास के लिए कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य कर सके। उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार है और हम सबको अपने अधिकारों का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित सभी बच्चे अपने परिवार वालों को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षा विद्या शाखा के प्रोफेसर छत्रसाल सिंह ने किया। बारी में ग्रामीण महिलाओं से उनके द्वारा निर्मित हस्तशिल्प सामग्री पंखे, पांव दान आदि महिला अध्ययन केन्द्र हेतु दस्तकारी के नमूने के रूप में क्रय किए गए। इस अवसर पर महिला अध्ययन केन्द्र की समन्वयक प्रो. रुचि बाजपेई, सहायक समन्वयक डॉ. साधना श्रीवास्तव, डॉ. नीता मिश्रा, सुषमा सिंह एवं कौमुदी शुक्ला ने ग्रामीण महिलाओं की रचनात्मकता की प्रशंसा की। अंगीकृत गांव बारी में विश्वविद्यालय की तरफ से योग जागरूकता शिविर में प्रोफेसर जी एस शुक्ल, अनुराग शुक्ला एवं निकेत सिंह ने योग एवं विभिन्न आसनों से संबंधित लाभ के बारे में बताया। इसके साथ ही शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में योगदान का वर्णन किया।

उक्त कार्यक्रम में सह आचार्य डॉक्टर दिनेश सिंह, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ नीता मिश्रा, डॉ संजय सिंह, डॉ रविंद्र कुमार सिंह, श्रीमती सुषमा सिंह, श्रीमती कौमुदी शुक्ला, डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ पुष्पेंद्र कुमार वर्मा, डॉ बाल गोविंद सिंह, डॉ सुरेंद्र सिंह, निकेत सिंह, अनुराग शुक्ल, हृदय नारायण द्विवेदी, हरि नारायण मिश्र, सूर्य नारायण पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

---

# रीडर्स मैसेंजर

खबरों का दर्पण राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

प्रातःकालीन हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (लखनऊ संस्करण)

प्रयागराज, शुक्रवार, 10 मई, 2023

## मुक्त विश्वविद्यालय ने बारी गांव में लगाया योग एवं मतदाता जागरूकता शिविर



---

# पायनियर

लखनऊ, शुक्रवार, 12 मई, 2023

## हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर किया ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन

**प्रयागराज।** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्या शाखा, स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं महिला अध्ययन केंद्र के सहयोग से गुरुवार को योग जागरूकता शिविर एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। शिक्षा विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गए बारी गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में महिला अध्ययन केंद्र द्वारा हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगायी गयी। सामग्री खरीद कर ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन किया गया। शिक्षा विद्या शाखा के निदेशक प्रो पी के स्टालिन ने कहा कि लोकतंत्र के बहुमुखी विकास में जनता की सहभागिता और मजबूत राजनैतिक तंत्र की बुनियाद में मतदान की भूमिका अहम होती है। महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो रुचि बाजपेई ने कहा कि भारत लोकतंत्रात्मक गणराज्य है, जहां जनता का शासन चलता है। सहायक समन्वयक डॉ साधना श्रीवास्तव ने कहा कि हर एक व्यक्ति का वोट बेहद कीमती होता है। स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो गिरिजा शंकर शुक्ल ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार है। बारी गांव में ग्रामीण महिलाओं से उनके द्वारा निर्मित हस्तशिल्प सामग्री पंखे, पावदान आदि महिला अध्ययन केन्द्र हेतु दस्तकारी के नमूने के रूप में क्रय किए गए। प्रो रुचि बाजपेई, डॉ साधना श्रीवास्तव, डॉ नीता मिश्रा, सुषमा सिंह एवं कौमुदी शुक्ला ने ग्रामीण महिलाओं की रचनात्मकता की प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ दिनेश सिंह, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ संजय सिंह, डॉ रवीन्द्र कुमार सिंह, डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ पुष्पेंद्र कुमार वर्मा, डॉ बाल गोविंद सिंह, सूर्य नारायण पाण्डेय उपस्थित थे।



योग और प्राणायाम सिखाते प्रशिक्षक।

---

हिन्दी दैनिक

# इलाहाबाद एक्सप्रेस



सच का आधार ...

वर्ष : 14 अंक : 42, प्रयागराज, शुक्रवार 12 मई 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 1 रुपया

इलाहाबाद एक्सप्रेस — प्रयागराज

## मुक्त विवि ने लगाया योग एवं मतदाता जागरूकता शिविर

### हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर किया ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन



इलाहाबाद एक्सप्रेस

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा विद्या शाखा,स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं महिला अध्ययन केंद्र के सहयोग से गुरुवार को योग जागरूकता शिविर एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गए बारी गांव में आयोजित किया गया। महिला अध्ययन केंद्र ने हस्तशिल्प सामग्री खरीद कर ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय, बारी सोरांव में शिक्षा विद्या शाखा के निदेशक प्रो पी.के स्टालिन ने बताया कि भारत के लोकतंत्र के बहुमुखी विकास में जनता की सहभागिता और मजबूत राजनैतिक तंत्र की बुनियाद में मतदान की भूमिका सबसे अहम होती है। अतः हमें अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करना चाहिए तथा देश के उन्नति एवं विकास में सहयोग देना चाहिए। महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो रुचि बाजपेई ने कहा कि भारत एक लोकतंत्रात्मक गणराज्य है, जहां जनता का शासन चलता है। जनता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर एक ऐसे व्यक्ति को चुनती है, जो देश को विकास के पथ पर अग्रसर करवाने के लिए योग्य हो और देश की बागडोर को संभाल सके। महिला अध्ययन केंद्र की सहायक समन्वयक डॉ साधना श्रीवास्तव ने कहा कि हर एक व्यक्ति का वोट बेहद कीमती होता है क्योंकि एक वोट भी किसी सरकार को गिराने और उसे बनाने का दमखम रखता है।

प्रयागराज।उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के मानविकी विद्याशाखा के तत्वावधान में गोद लिये ग्राम जैतवारडीह, पण्डिला ग्राम,सोरॉव, में बुधवार को एकदिवसीय जागरूकता योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि निरोगी काया के लिए योग बहुत आवश्यक है। योग खुशियों का द्वार है और प्रतिदिन 15 मिनट योग और ध्यान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ध्यान का नियमित अभ्यास करने से आत्मिक शक्ति बढ़ने के साथ ही साथ मानसिक शान्ति की अनुभूति होती है। ध्यान नकारात्मक विचारों को मन से निकाल कर शुद्ध और सकारात्मक विचारों को मस्तिष्क में जगह देता है।मानविकी विद्याशाखा के निदेशक प्रोफेसर एस.पी.तिवारी ने कहा कि योग का तात्पर्य मन, बुद्धि और चित्त के संयोजन से है। उन्होंने प्राणायाम से लेकर कई तरह की योग मुद्राओं को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। प्रो. तिवारी ने कहा कि प्राणायाम से लेकर कई तरह की योग मुद्राओं का अभ्यास करके शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।इस अवसर पर महिला अध्ययन केन्द्र की समन्वयक प्रोफेसर रुचि बाजपेई ने कहा कि योगाभ्यास से सर्वांगीण विकास होता है। योग से निरोगी काया प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने गीता के योगः कर्मसु कौशलम् की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। योग जागरूकता कार्यक्रम मे प्रशिक्षक अनुराग शुक्ल एवं निकेत ने योग के विभिन्न आसनों, पद्मासन, धनुरासन, मयूरासन, पवनमुक्तासन आदि के बारे मे लोगों को अभ्यास कराया तथा साथ ही इनके लाभ भी बताये। इस कार्यक्रम में जैतवारडीह ग्राम के पण्डिला वासियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के मानविकी विद्याशाखा के शिक्षकों ने भी योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्रोफेसर वीके गुप्ता डॉ. सतीश चन्द्र जैसल, डॉ. अतुल कुमार मिश्रा, डॉ. अब्दुल रहमान, डॉ. शिवेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार गौतम, डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. डी.एन. उपाध्याय, डॉ. प्रेम प्रकाश कुशवाहा, संजीव भट्ट, डॉ. अमित सिंह, डॉ. मुकेश मौर्य, डॉ. अब्दुर्र हमान, डॉ. सफीना समावी, डॉ. नीलम, डॉ. संतोष भारती, डॉ. सत्येन्द्र, अनुपम, राम लखन कुशवाहा एवं मुन्ना राम आदि उपस्थित रहे। मानविकी विद्याशाखा के उपनिदेशक प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्त ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

www.sahajsatta.in
facebook.com/sahajsatta.allahabad
सहजसत्ता
सत्य की सत्ता को समर्पित
वर्ष-15 अंक-331
पृष्ठ-8
प्रयागराज
गुरूवार, 18 मई, 2023
मूल्य 1.00 रुपये मात्र

# निरोगी काया के लिए योग बहुत आवश्यकः प्रो सीमा सिंह

## ध्यान के अभ्यास से आत्मिक शक्ति बढ़ने के साथ साथ शान्ति की अनुभूति

प्रयागराज। योग खुशियो का द्वार है और प्रतिदिन 15 मिनट योग और ध्यान अवश्य करना चाहिए। निरोगी काया के लिए योग बहुत आवश्यक है। ध्यान का नियमित अभ्यास करने से आत्मिक शक्ति बढ़ने के साथ ही साथ मानसिक शान्ति की अनुभूति होती है।

यह बाते उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सीमा सिंह ने बुधवार को जैतवार डीह मे योग जागरूकता कार्यक्रम मे सम्बोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि ध्यान नकारात्मक विचारों को मन से निकाल कर शुद्ध और सकारात्मक विचारो को मस्तिष्क मे जगह देता है।

मानविकी विद्याशाखा के तत्वावधान में गोद लिये ग्राम जैतवारडीह, पण्डिला ग्राम, सोरॉव मेंएक दिवसीय जागरूकता योग कार्यक्रम मे मानविकी विद्याशाखा के निदेशक प्रो एस.पी तिवारी ने कहा कि योग का तात्पर्य मन,




बुद्धि और चित्त के संयोजन से हैं। उन्होंने प्राणायाम से लेकर कई तरह की योग मुद्राओं को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि प्राणायाम से लेकर कई तरह की योग मुद्राओं का अभ्यास करके शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।

इस अवसर पर महिला अध्ययन केन्द्र की समन्वयक प्रो रुचि बाजपेई ने कहा कि योगाभ्यास से सर्वांगीण विकास होता है। योग से निरोगी काया प्राप्त की जा सकती है। योग जागरूकता प्रशिक्षक अनुराग शुक्ल एवं निकेत ने योग के विभिन्न आसनों, पद्मासन, धनुरासन, मयूरासन, पवनमुक्तासन आदि के बारे मे लोगो को अभ्यास कराया तथा इनके लाभ भी बताये। कार्यक्रम मे जैतवार डीह ग्राम के पण्डिला वासियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने भी योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्रो वीके गुप्ता डॉ सतीश चन्द्र जैसल, डॉ अतुल कुमार मिश्रा, डॉ अब्दुल रहमान, डॉ शिवेन्द्र प्रताप सिह, राजेश कुमार गौतम, डॉ अनिल कुमार यादव, डॉ डी.एन उपाध्याय, डॉ प्रेम प्रकाश कुशवाहा, संजीव भट्ट, डॉ अमित सिंह, डॉ मुकेश मौर्य, डॉ अब्दुर्रहमान, डॉ सफीना समावी, डॉ नीलम, डॉ संतोष भारती, डॉ सत्येन्द्र, अनुपम, राम लखन कुशवाहा एवं मुन्ना राम आदि उपस्थित रहे। मानविकी विद्याशाखा के उपनिदेशक प्रो विनोद कुमार गुप्त ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

तिजारत
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नियमित योगाभ्यास से आत्मिक शक्ति बढ़ने व मानसिक शान्ति की अनुभूति होती है: कुलपति प्रो.सीमा सिंह



दैनिक
अमृत प्रभात
जनता के साथ जनता की आवाज

## जैतवारडीह गांव में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# निरोगी काया के लिए योग आवश्यकः प्रो. सीमा सिंह

प्रयागराज (नि.सं.) उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के



कहा कि योगाभ्यास से सर्वांगीण विकास होता है। योग से निरोगी काया प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने गीता के योगः कर्मसु

NORTHERN INDIA PATRIKA

दैनिक **समय जगत**

भोपाल ■ शुक्रवार ■ 19 मई 2023

एक संदेश-पूरा देश

## इंतजार खत्म, मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रारंभ किया बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश

### प्रवेश परीक्षा के लिए करें ऑनलाईन आवेदन, बीएड में भी मौका

समय जगत, झांसी। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रवेश सत्र 2023-24 में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया को बीएड एसई ओडीएल रेगुलेशन 2021 के अंतर्गत प्रारंभ किया गया है। इस बार बीएड के साथ ही बीएड विशिष्ट शिक्षा में भी प्रवेश लिए जाएंगे। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के अथक प्रयासों से विश्वविद्यालय ने इस सत्र में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रारम्भ करने में सफलता पाई है। एक वर्ष से इंतजार कर रहे शिक्षार्थियों को अब अपनी रुचि के अनुसार बौद्धिक एवं विकासात्मक अक्षमता, श्रवण बाधिता एवं दृष्टिबाधिता से संबंधित विशिष्टताओं में प्रवेश का अवसर मिलेगा। प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति के समन्वयक प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा में वर्तमान सत्र 2023-24 में कुल 550 सीटें हैं। जिसमें 50 सीटें अल्प आय वर्ग (ई डब्ल्यू एस) के लिए समाहित हैं। बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम वर्तमान में 10 अध्ययन केंद्रों में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा प्रदत्त एनओसी के आधार पर संचालित होगा। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में स्थापित इन 10 अध्ययन केंद्रों में तीन अध्ययन केंद्र पहली बार विश्वविद्यालय की शिक्षा विद्या शाखा द्वारा संचालित किए जाएंगे। जो श्रवण बाधिता, दृष्टिबाधिता और आईडीडी के क्षेत्र में कैरियर उन्नयन की विशेषज्ञता से संबंधित होंगे। शेष अध्ययन केंद्रों की सूचना आरसीआई द्वारा एनओसी मिलते ही अभ्यर्थियों को उपलब्ध करा दी जाएगी। समन्वयक प्रोफेसर पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, कृषि, वाणिज्य के स्नातक अथवा परास्नातक अथवा समकक्ष उपाधि में कम से कम 50: अंक पाने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। पात्रता से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा दो खंडों में विभाजित की गई है। प्रथम खंड में सामान्य मानसिक योग्यता तथा सामान्य जागरूकता से संबंधित प्रश्न पत्र तथा द्वितीय खंड में दिव्यांग बच्चों के मनोवैज्ञानिक समस्याओं को समझना और दो शिक्षण विषयों में अवबोध से संबंधित प्रश्न पत्र होंगे। प्रोफेसर पांडे ने बताया कि इसके साथ ही बीएड कार्यक्रम के 550 सीटों पर भी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिसमें 50 सीटें ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित हैं। प्रदेश के 10 अध्ययन केंद्रों दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, टीडी कॉलेज, जौनपुर, डीजे कॉलेज, बड़ौत, बागपत, कुलभास्कर डिग्री कॉलेज, बरौत, प्रयागराज, श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ, देव इंद्रावती महाविद्यालय, कटेहरी, अंबेडकर नगर, कृष्ण सुदामा संस्थान, कैंथी, वाराणसी, प्रोफेसर एच एन मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, आर्य नगर, कानपुर, फैज ए आम मॉडर्न डिग्री कॉलेज, सिविल लाइंस, मथुरा तथा चौधरी तुलसीराम यादव महाविद्यालय, तुलसी नगर, प्रयागराज में प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रोफेसर पांडे ने बताया कि बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन शुल्क भुगतान के अंतिम तिथि 15 जून 2023 निर्धारित की गई है। विलंब शुल्क सहित ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन, शुल्क भुगतान 24 जून 2023 तक किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि संशोधन दिन 25 जून से 23 जून तक निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र 8 जुलाई से डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा के संभावित तिथि 22 जुलाई 2023 निर्धारित की गई है। प्रोफेसर पांडेय ने बताया कि बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन शुल्क भुगतान के अंतिम तिथि 15 जून 2023 निर्धारित की गई है। विलंब शुल्क सहित ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन, शुल्क भुगतान 24 जून 2023 तक किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन विवरण में त्रुटि संशोधन अवधि 25 जून से 30 जून 2023 तक निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र 8 जुलाई से डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 22 जुलाई 2023 निर्धारित की गई है। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा आयोजन के सफल संचालन के लिए एक समिति का गठन किया है। जिसमें समन्वयक प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय के सहयोग के लिए डॉ जी के द्विवेदी एवं डॉ दिनेश सिंह को सह समन्वयक, डॉ सुरेंद्र कुमार एवं डॉ संजय कुमार सिंह को सदस्य तथा परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह को सदस्य सचिव नामित किया गया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत पडरा वि.खं. बंगरा (झांसी)

---

राष्ट्रीय **सहारा**

लखनऊ, बृहस्पतिवार • 18 मई • 2023

## मुक्त विश्वविद्यालय ने शुरू किया बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश

प्रयागराज। राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया को बीएड एसई ओडीएल रेगुलेशन 2021 के अंतर्गत प्रारंभ किया गया है। इस बार बीएड के साथ ही बीएड विशिष्ट शिक्षा में भी प्रवेश लिए जाएंगे।

मीडिया प्रभारी प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रो. सीमा सिंह के अथक प्रयासों से विवि ने इस सत्र में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रारम्भ करने में सफलता पाई है। एक वर्ष से इंतजार कर रहे शिक्षार्थियों को अब अपनी रुचि के अनुसार बौद्धिक एवं विकासात्मक अक्षमता, श्रवण बाधिता एवं ष्टिबाधिता से संबंति विशिष्टताओं में प्रवेश का अवसर मिलेगा। प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति के समन्वयक प्रो. प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा में वर्तमान सत्र 2023-24 में कुल 550 सीटें हैं। जिसमें 50 सीटें अल्प आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए समाहित हैं। प्रो. पाण्डेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम वर्तमान में 10 अध्ययन केंद्रों में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा प्रदत्त एनओसी के आधार पर संचालित होगा। बताया कि उत्तर प्रदेश में स्थापित इन 10 अययन केंद्रों में तीन अययन केंद्र पहली बार विवि की शिक्षा विद्या शाखा द्वारा संचालित किए जाएंगे। यह श्रवण बाधिता, दृष्टिबाधिता और आईडीडी के क्षेत्र में कैरियर उन्नयन की विशेषज्ञता से संबंधित होंगे। शेष अययन केंद्रों की सूचना आरसीआई द्वारा एनओसी मिलते ही अभ्यर्थियों को उपलब करा दी जाएगी। प्रो. पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, कृषि, वाणिज्य के स्नातक अथवा परास्नातक अथवा समकक्ष उपाधि में कम से कम 50: अंक पाने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। पात्रता से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब करा दिए गए हैं। बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा दो खंडों में विभाजित की गई है। प्रथम खंड में सामान्य मानसिक योग्यता तथा सामान्य जागरूकता से संबंधित प्रश्न पत्र तथा द्वितीय खंड में दिव्यांग बच्चों के मनोवैज्ञानिक समस्याओं को समझना और दो शिक्षण विषयों में अवबोध से संबंधित प्रश्न पत्र होंगे। बीएड कार्यक्रम के 550 सीटों पर भी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिसमें 50 सीटें ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित हैं।

■ प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन, बीएड में भी मौका

---

**हिन्दुस्तान**

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

## मुविवि : बीएड के लिए आवेदन शुरू

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने बीएड में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऑनलाइन आवेदन 16 मई से 15 जून तक किए जा सकेंगे। विलंब शुल्क सहित 24 जून से 30 जून तक आवेदन और पंजीकरण किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में संशोधन 25 से 30 जून तक होंगे। प्रवेश पत्र आठ जुलाई से डाउनलोड होंगे। प्रवेश परीक्षा 22 जुलाई को होगी और 31 जुलाई को परिणाम जारी किया जाएगा। दस अध्ययन केंद्रों पर 550 सीटें के सापेक्ष प्रवेश होगा।

---

**दैनिक जागरण**

## मुवि में बीएड पाठ्यक्रम को आनलाइन आवेदन शुरू

जासं, प्रयागराज: उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने बीएड सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 मई से 15 जून तक चलेगी। विलंब शुल्क सहित 24 से 30 जून तक आवेदन और पंजीकरण होंगे। आनलाइन आवेदन में संशोधन 25 से 30 जून तक व प्रवेशपत्र आठ जुलाई से डाउनलोड होंगे। प्रवेश परीक्षा 22 जुलाई को और 31 जुलाई को परिणाम जारी होगा। मुवि के 10 अध्ययन केंद्रों पर बीएड पाठ्यक्रम की सुविधा है। 550 सीटों पर सामान्य व पिछड़ा वर्ग के लिए 1200 रुपये और एससी-एसटी के लिए 900 रुपये शुल्क निर्धारित है। बीएड प्रवेश परीक्षा दो खंडों में होगी। प्रत्येक खंड में 100-100 प्रश्न होंगे।

शिक्षा | उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने शुरू की प्रक्रिया

## बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश शुरू, 24 जून तक आवेदन कर पाएंगे विद्यार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

झांसी। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रवेश सत्र 2023-24 में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया को प्रारंभ किया गया है।

इस बार उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में बीएड के साथ ही बीएड विशिष्ट शिक्षा में भी प्रवेश लिए जाएंगे। समन्वयक प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा में वर्तमान सत्र 2023-24 में कुल 550 सीटें हैं।

जिसमें 50 सीटें अल्प आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए समाहित हैं। पात्रता से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा दो खंडों में विभाजित की गई है।

प्रथम खंड में सामान्य मानसिक योग्यता तथा सामान्य जागरूकता से संबंधित प्रश्न पत्र तथा द्वितीय खंड में दिव्यांग बच्चों के मनोवैज्ञानिक समस्याओं को समझना और दो शिक्षण विषयों में अवबोध से संबंधित प्रश्न पत्र होंगे।

उन्होंने बताया कि बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन शुल्क भुगतान के अंतिम तिथि 15 जून 2023 तक है।

विलंब शुल्क सहित ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन, शुल्क भुगतान 24 जून 2023 तक होगा। ऑनलाइन आवेदन विवरण में त्रुटि संशोधन 25 जून से 30 जून 2023 तक होगा।

विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र 8 जुलाई से डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 22 जुलाई 2023 निर्धारित की गई है।

---

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
स्वतंत्र भारत
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 18 मई, 2023

## मुक्त विवि में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश का रास्ता साफ

### प्रवेश परीक्षा के लिए करें ऑनलाईन आवेदन, बीएड में भी मौका

---

RNI No. : UPHIN/2022/84137 हिन्दी दैनिक - प्रातःसंस्करण
पावन प्रयाग
वर्ष : 01, अंकः 144 मूल्य : 1 रुपये पृष्ठ : 4 प्रयागराज गुरूवार 18 मई, 2023

## राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रारंभ किया बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश

### प्रवेश परीक्षा के लिए करें ऑनलाईन आवेदन, बीएड में भी मौका

---

हिन्दी दैनिक
अवधनामा

## मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रारंभ किया बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश

*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रवेश सत्र 2023-24 में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया को बीएड एसई ओडीएल रेगुलेशन 2021 के अंतर्गत प्रारंभ किया गया है। इस बार बीएड के साथ ही बीएड विशिष्ट शिक्षा में भी प्रवेश लिए जाएंगे।

कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के अथक प्रयासों से विश्वविद्यालय ने इस सत्र में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रारम्भ करने में सफलता पाई है। एक वर्ष से इंतजार कर रहे शिक्षार्थियों को अब अपनी रुचि के अनुसार बौद्धिक एवं विकासात्मक अक्षमता, श्रवण बाधिता एवं दृष्टिबाधिता से संबंधित विशिष्टताओं में प्रवेश का अवसर मिलेगा। प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति के समन्वयक प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा में वर्तमान सत्र 2023-24 में कुल 550 सीटें हैं। जिसमें 50 सीटें अल्प आय वर्ग ( ई डब्ल्यू एस ) के लिए समाहित हैं। बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम वर्तमान में 10 अध्ययन केंद्रों में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा प्रदत्त एनओसी के आधार पर संचालित होगा। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में स्थापित इन 10 अध्ययन केंद्रों में तीन अध्ययन केंद्र पहली बार विश्वविद्यालय की शिक्षा विद्या शाखा द्वारा संचालित किए जाएंगे। जो श्रवण बाधिता, दृष्टिबाधिता और आईडीडी के क्षेत्र में कैरियर उन्नयन की विशेषज्ञता से संबंधित होंगे। शेष अध्ययन केंद्रों की सूचना आरसीआई द्वारा एनओसी मिलते ही अभ्यर्थियों को उपलब्ध करा दी जाएगी।

समन्वयक प्रोफेसर पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, कृषि, वाणिज्य के स्नातक अथवा परास्नातक अथवा समकक्ष उपाधि में कम से कम 50% अंक पाने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। पात्रता से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं।

---

हिन्दी दैनिक
इलाहाबाद एक्सप्रेस
सच का आधार ...
वर्ष : 14 अंक : 48, प्रयागराज, गुरुवार 18 मई 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 1 रुपया

## मुक्त विवि ने शुरू किया बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश

प्रदेश के दस अध्ययन केन्द्रों पर होगा प्रवेश

### प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन, बीएड में भी मौका

---

दैनिक जागरण
प्रयागराज, गुरुवार 18 मई 2023 नगर संस्करण*** मूल्य ₹ 7.00 पृष्ठ 16
www.jagran.com

## मुवि के बीएड स्पेशल एजुकेशन को हरी झंडी

जासं, प्रयागराज: उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में बीएड स्पेशल एजुकेशन पाठ्यक्रम फिर से शुरू हो गया है। भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआइ) के संशोधित मानक की वजह से पिछले वर्ष विश्वविद्यालय बीएड स्पेशल की प्रवेश प्रक्रिया रोकनी पड़ी थी। बीएड स्पेशल एजुकेशन के लिए आरसीआइ ने मंजूरी दे दी है। यह पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय मुख्यालय पर स्थापित तीन अध्ययन केंद्रों पर संचालित होगा। बीएड के साथ बीएड स्पेशल प्रवेश परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है।



आरसीआइ के संशोधित मानक की वजह से मई 2022 में पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति नहीं मिली थी। अग्रिम आदेश तक रजिस्ट्रेशन भी स्थगित कर दिया गया था। इससे मुवि को प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया भी स्थगित करनी पड़ी थी। विश्वविद्यालय ने आरसीआइ को प्रत्यावेदन भेजा था। अनुमति मिलने के बाद अब आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 मई से 15 जून तक चलेगी। विलंब शुल्क सहित 24 से 30 जून तक आवेदन और पंजीकरण किए जा सकेंगे और संशोधन 25 से 30 जून तक होंगे। प्रवेश परीक्षा 22 जुलाई को होगी। प्रो. पीके पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा में वर्तमान सत्र 2023-24 में कुल 550 सीटें हैं, जिसमें 50 सीटें अल्प आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए हैं। बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम वर्तमान में 10 अध्ययन केंद्रों में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा प्रदत्त एनओसी के आधार पर संचालित होगा। इसमें में तीन अध्ययन केंद्र पहली बार विश्वविद्यालय मुख्यालय पर संचालित होंगे, जो श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित और आइडीडी के क्षेत्र में करियर उन्नयन की विशेषज्ञता से संबंधित होंगे। शेष अध्ययन केंद्रों की सूचना आरसीआइ द्वारा एनओसी मिलने के बाद दी जाएगी।

> भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआइ) नई दिल्ली द्वारा पांच वर्ष के लिए अनुमति मिल गई है। आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। यह पाठ्यक्रम अब विश्वविद्यालय मुख्यालय पर ही चलेगा।
> - प्रो. पीके पांडेय, संयोजक, बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश समिति, मुवि

---

दैनिक अमृत प्रभात
वर्ष - 47 अंक-135 प्रयागराज, गुरुवार 18 मई 2023 पृष्ठ-12 मूल्य-3.50 रुपए
जनता के साथ जनता की आवाज

इंतजार खत्म, मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रारंभ किया बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश

## प्रवेश परीक्षा के लिए ऑन लाइन आवेदन, बीएड में भी मौका

प्रयागराज (नि.सं.)

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रवेश सत्र 2023-24 में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया को बीएड एसई ओडीएल रेगुलेशन 2021 के अंतर्गत प्रारंभ किया गया है। इस बार बीएड के साथ ही बीएड विशिष्ट शिक्षा में भी प्रवेश लिए जाएंगे। एक वर्ष से इंतजार कर रहे शिक्षार्थियों को अब अपनी रुचि के अनुसार बौद्धिक एवं ...



550 सीटों पर भी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई

**विस्तृत विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए**

समन्वयक प्रोफेसर पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, कृषि, वाणिज्य के स्नातक अथवा परास्नातक अथवा समकक्ष उपाधि में कम से कम 50 फीसदी अंक पाने ...

... प्रदेश के 10 अध्ययन केंद्रों दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, टीडी कॉलेज, जौनपुर, डीजे कॉलेज, बड़ौत, बागपत, ऊपरदहा डिग्री कॉलेज, बरौत, प्रयागराज, श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ, देव इंद्रावती महाविद्यालय, कटेहरी, अंबेडकर नगर, कृष्ण सुदामा संस्थान, कैथी, वाराणसी, प्रोफेसर एच एन मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, आर्य नगर, कानपुर, फ़ैज़ ए आम मॉडर्न डिग्री कॉलेज, सिविल लाइंस, मथुरा तथा चौधरी तुलसीराम यादव महाविद्यालय, तुलसी नगर, प्रयागराज में प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं।

---

हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

## मुविवि में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश शुरू

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के प्रवेश सत्र 2023-24 में बीएड के साथ ही बीएड विशिष्ट शिक्षा में भी प्रवेश लिए जाएंगे। शिक्षार्थियों को अब बौद्धिक एवं विकासात्मक अक्षमता, श्रवण बाधिता एवं दृष्टिबाधिता से संबंधित विशिष्टताओं में प्रवेश का अवसर मिलेगा।

प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति के समन्वयक प्रो. प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा में कुल 550 सीटें हैं। भारतीय पुनर्वास परिषद से मिली एनओसी के बाद यह कोर्स दस अध्ययन केंद्रों में संचालित होगा। इसमें प्रवेश के लिए ...

---

समय से पहले 'समय' पर नजर
न्यायाधीश
प्रयागराज, गुरूवार 18 मई, 2023

## इंतजार खत्म, मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रारंभ किया बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश

प्रयागराज।उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रवेश सत्र 2023-24 में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया को बीएड एसई ओडीएल रेगुलेशन 2021 के अंतर्गत प्रारंभ किया गया है।

इस बार बीएड के साथ ही बीएड विशिष्ट शिक्षा में भी प्रवेश लिए जाएंगे। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के अथक प्रयासों से विश्वविद्यालय ने इस सत्र में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रारम्भ करने में सफलता पाई है। एक वर्ष से इंतजार कर रहे शिक्षार्थियों को अब अपनी रुचि के अनुसार बौद्धिक एवं विकासात्मक अक्षमता, श्रवण बाधिता एवं दृष्टिबाधिता से संबंधित विशिष्टताओं में प्रवेश का अवसर मिलेगा। ... समाहित हैं। बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम वर्तमान में 10 अध्ययन केंद्रों में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा प्रदत्त एनओसी के आधार पर संचालित होगा। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में स्थापित इन 10 अध्ययन केंद्रों में तीन अध्ययन केंद्र पहली बार विश्वविद्यालय की शिक्षा विद्या शाखा द्वारा संचालित किए जाएंगे। जो श्रवण बाधिता, दृष्टिबाधिता और आईडीडी के क्षेत्र में कैरियर उन्नयन की विशेषज्ञता से संबंधित होंगे। शेष अध्ययन केंद्रों की सूचना आरसीआई द्वारा एनओसी मिलते ही अभ्यर्थियों को उपलब्ध करा दी जाएगी।समन्वयक प्रोफेसर पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विज्ञान, ... गए हैं। उन्होंने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा दो खंडों में विभाजित की गई है। प्रथम खंड में सामान्य मानसिक योग्यता तथा सामान्य जागरूकता से संबंधित प्रश्न पत्र तथा द्वितीय खंड में दिव्यांग बच्चों के मनोवैज्ञानिक समस्याओं को समझना और दो शिक्षण विषयों में अवबोध से संबंधित प्रश्न पत्र होंगे।प्रोफेसर पांडे ने बताया कि इसके साथ ही बीएड कार्यक्रम के 550 सीटों पर भी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिसमें 50 सीटें ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित हैं। प्रदेश के 10 अध्ययन केंद्रों दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, टीडी कॉलेज, जौनपुर, डीजे कॉलेज, बड़ौत, बागपत, ऊपरदहा डिग्री ... महावीर ...ालय, ... इंद्रावती ...ागराज ...यर्थियों ... प्रवेश

---

श्री इंडिया
संस्थापक : स्व0 चन्द्रमोहन साहू
डाक पंजीयन सं.जी/समा.पत्र/पंजी./बाँदा 18/2014-16
R.N.I. No. 72409/99
बाँदा, गुरुवार 18 मई 2023
वर्ष -24 अंक -260
पृष्ठ 8 मूल्य : 2 रुपया
E-mail: shreeindiabanda@yahoo.com

## इंतजार खत्म, मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रारंभ किया बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश

### प्रवेश परीक्षा के लिए करें आनलाईन आवेदन, बीएड में भी मौका

**श्री इंडिया संवाद**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रवेश सत्र २०२३-२४ में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया को बीएड एसई ओडीएल रेगुलेशन २०२१ के अंतर्गत प्रारंभ किया गया है।

इस बार बीएड के साथ ही बीएड विशिष्ट शिक्षा में भी प्रवेश ... हैं। बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम वर्तमान में १० अध्ययन केंद्रों में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा प्रदत्त एनओसी के आधार पर संचालित होगा। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में स्थापित इन १० अध्ययन केंद्रों में तीन अध्ययन केंद्र पहली बार विश्वविद्यालय की शिक्षा विद्या शाखा द्वारा संचालित किए जाएंगे। जो श्रवण बाधिता, दृष्टिबाधिता और ... विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा दो खंडों में विभाजित की गई है। प्रथम खंड में सामान्य मानसिक योग्यता तथा सामान्य जागरूकता से संबंधित प्रश्न पत्र तथा द्वितीय खंड में दिव्यांग बच्चों के मनोवैज्ञानिक समस्याओं को समझना और दो शिक्षण विषयों में अवबोध से संबंधित प्रश्न पत्र होंगे।

प्रोफेसर पांडे ने बताया कि ... तथा चौधरी तुलसीराम यादव महाविद्यालय, तुलसी नगर, प्रयागराज में प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं।

प्रोफेसर पांडे ने बताया कि बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन शुल्क भुगतान के अंतिम तिथि १५ जून २०२३ निर्धारित की गई है। विलंब शुल्क सहित आनलाइन पंजीकरण, आवेदन, शुल्क भुगतान २४ जून २०२३ तक किए जा सकेंगे। आनलाइन आवेदन विवरण में त्रुटि संशोधन अवधि २५ जून से ३० जून २०२३ तक निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय वेबसाइट ...

---

www.sahajsatta.in facebook.com/sahajsatta.allahabad
सहजसत्ता
सत्य की सत्ता को समर्पित
वर्ष-15 अंक-331 पृष्ठ-8 प्रयागराज गुरूवार, 18 मई, 2023 मूल्य 1.00 रुपये मात्र

## मुक्त विवि ने शुरू किया बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश

### प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन, बीएड में भी मौका, प्रदेश के दस अध्ययन केन्द्रों पर होगा प्रवेश

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के प्रवेश सत्र 2023-24 में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया को बीएड एसई ओडीएल रेगुलेशन 2021 के अंतर्गत प्रारम्भ किया गया है। इस बार बीएड के साथ ही बीएड विशिष्ट शिक्षा में भी प्रवेश लिए जाएंगे।

मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के प्रयासों से विश्वविद्यालय ने इस सत्र में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रारम्भ करने में सफलता पाई है। एक वर्ष से इंतजार कर रहे शिक्षार्थियों को अब अपनी रुचि के अनुसार बौद्धिक एवं विकासात्मक अक्षमता, श्रवण बाधिता एवं दृष्टि बाधिता से सम्बंधित विशिष्टताओं में प्रवेश का अवसर मिलेगा।

प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति के समन्वयक प्रो. प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा में वर्तमान सत्र में कुल 550 सीटें हैं। जिसमें 50 सीटें (ईडब्ल्यूएस) के लिए समाहित हैं। बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम वर्तमान में 10 अध्ययन केंद्रों में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा प्रदत्त एनओसी के आधार पर संचालित होगा। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में स्थापित इन 10 अध्ययन केंद्रों में तीन अध्ययन केंद्र पहली बार विश्वविद्यालय की शिक्षा विद्या शाखा द्वारा संचालित किए जाएंगे। जो श्रवण बाधिता, दृष्टिबाधिता और आईडीडी के क्षेत्र में कैरियर उन्नयन की विशेषज्ञता से सम्बंधित होंगे।

समन्वयक ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, कृषि, वाणिज्य के स्नातक अथवा परास्नातक अथवा समकक्ष उपाधि में कम से कम 50 प्रतिशत अंक पाने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा दो खंडों में विभाजित की गई है। प्रथम खंड में सामान्य मानसिक योग्यता तथा सामान्य जागरूकता से सम्बंधित प्रश्न पत्र तथा द्वितीय खंड में दिव्यांग बच्चों के मनोवैज्ञानिक समस्याओं को समझना और दो शिक्षण विषयों में अवबोध से सम्बंधित प्रश्न पत्र होंगे।प्रोफेसर पांडे ने बताया कि प्रदेश के 10 अध्ययन केंद्रों दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, टीडी कॉलेज जौनपुर, डीजे कॉलेज बड़ौत बागपत, ऊपरदहा डिग्री कॉलेज बरौत प्रयागराज, श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय राजाजीपुरम, लखनऊ, देव इंद्रावती महाविद्यालय कटेहरी अंबेडकरनगर, कृष्ण सुदामा संस्थान कैंथी वाराणसी, प्रोफेसर एच एन मिश्रा कॉलेज ऑफ एजुकेशन आर्यनगर कानपुर, फ़ैज़ ए आम मॉडर्न डिग्री कॉलेज सिविल लाइंस मथुरा तथा चौधरी तुलसीराम यादव महाविद्यालय तुलसी नगर प्रयागराज में प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन शुल्क भुगतान के अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। विलम्ब शुल्क सहित ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन, शुल्क भुगतान 24 जून तक किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय वेबसाइट ... अवधि 25 जून से 30 जून तक निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र 8 जुलाई से डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 22 जुलाई निर्धारित की गई है। कुलपति ने बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए एक समिति का गठन किया है। जिसमें समन्वयक प्रोफेसर प्रदीप ...

---

## इंतजार खत्म, मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रारंभ किया बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश

### प्रवेश परीक्षा के लिए करें ऑनलाईन आवेदन, बीएड में भी मौका

स्वतंत्र चेतना बस्ती।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रवेश सत्र 2023-24 में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया को बीएड एसई ओडीएल रेगुलेशन 2021 के अंतर्गत प्रारंभ ... विज्ञान, मानविकी, कृषि, वाणिज्य के स्नातक अथवा परास्नातक अथवा समकक्ष उपाधि में कम से कम 50% अंक पाने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। पात्रता से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध ... एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन शुल्क भुगतान के अंतिम तिथि 15 जून 2023 निर्धारित की गई है। विलंब शुल्क सहित ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन शुल्क भुगतान 24 जून 2023 ...

Prayagraj, Thursday, 18 May 2023
PRAYAGRAJ EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

# दैनिक जागरण

## मुवि की सत्र परीक्षा जून के दूसरे सप्ताह में

उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की सत्र परीक्षा जून के दूसरे सप्ताह में होगी. मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रस्तावित कार्यक्रम जारी किया है. दिन और वास्तविक समय सारणी जून के पहले सप्ताह में जारी की जाएगी. मुवि ने इसको लेकर 27 मई तक सुझाव और आपत्ति मांगी है. सत्र परीक्षा 32 दिवसों में संपन्न होगी. पहली पाली सुबह 10 बजेसे एक बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी.

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# तिजारत

## कुलाधिपति के निर्देश पर मुविवि में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रोफ़ेसर सीमा सिंह करेंगी**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शुक्रवार 19 मई को मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज के सहयोग से विश्व विद्यालय में कार्यरत कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने बताया कि कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निर्देश के अनुपालन में विश्वविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण सरस्वती परिसर स्थित शैक्षणिक भवन के भूतल पर प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो.फ़ेसर सीमा सिंह करेंगी। कुलसचिव ने विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों, अधिकारियों एवं प्रभारियों से अपील की है कि वह स्वयं एवं उनके अधीनस्थ उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में अपनी प्रतिभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

# स्वतंत्र भारत

## मुविवि में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में शुक्रवार 19 मई को मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज कार्यालय के सहयोग से विश्व विद्यालय में कार्यरत कमिर्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने बताया कि कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देश के अनुपालन में विश्वविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण सरस्वती परिसर स्थित शैक्षणिक भवन के भूतल पर प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह करेंगी। कुलसचिव ने विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों, अधिकारियों एवं प्रभारियों से अपील की है कि वह स्वयं एवं उनके अधीनस्थ उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में अपनी प्रतिभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा गया है।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# हरबात

प्रयागराज एवं फतेहपुर से एक साथ प्रकाशित
वर्ष : 03 अंक : 162 प्रयागराज, शुक्रवार, 19 मई, 2023, पृष्ठ : 4 मूल्य : 1 रुपया

## कुलाधिपति के निर्देश पर मुविवि में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शुक्रवार 19 मई को मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज कार्यालय के सहयोग से विश्व विद्यालय में कार्यरत कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने बताया कि कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देश के अनुपालन में विश्वविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण सरस्वती परिसर स्थित शैक्षणिक भवन के भूतल पर प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह करेंगी।कुलसचिव ने विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों, अधिकारियों एवं प्रभारियों से अपील की है कि वह स्वयं एवं उनके अधीनस्थ उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में अपनी प्रतिभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

## इंतजार खत्म, बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रवेश परीक्षा के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन
- यूपीआरटीओयू के लखनऊ सहित सभी रीजनल केन्द्रों के लिए अधिसूचना जरूरी

**अमृत विचार :** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रवेश सत्र 2023-24 में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया को बीएड एसई ओडीएल रेगुलेशन 2021 के अंतर्गत शुरू किया गया है। इस बार बीएड के साथ ही बीएड विशिष्ट शिक्षा में भी प्रवेश लिए जाएंगे।

विश्वविद्यालय ने इस सत्र में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश शुरू करने में सफलता पाई है। एक वर्ष से इंतजार कर रहे शिक्षार्थियों को अब अपनी रुचि के अनुसार बौद्धिक एवं विकासात्मक अक्षमता, श्रवण बाधिता एवं दृष्टिबाधिता से संबंधित विशिष्टताओं में प्रवेश का अवसर मिलेगा। प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति के समन्वयक प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा में वर्तमान सत्र 2023-24 में कुल 550 सीटें हैं। जिसमें 50 सीटें अल्प आय वर्ग ( ई डब्ल्यू एस ) के लिए समाहित हैं। बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम वर्तमान में 10 अध्ययन केंद्रों में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा प्रदत्त एनओसी के आधार पर संचालित होगा। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में स्थापित इन 10 अध्ययन केंद्रों में तीन अध्ययन केंद्र पहली बार विश्वविद्यालय की शिक्षा विद्या शाखा द्वारा संचालित किए जाएंगे।



बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा आयोजन के लिए एक समिति का गठन किया है। समन्वयक प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय के सहयोग के लिए डॉ. जी के द्विवेदी एवं डॉ. दिनेश सिंह को सह समन्वयक, डॉ. सुरेंद्र कुमार एवं डॉ. संजय कुमार सिंह को सदस्य तथा परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह को सदस्य सचिव नामित किया गया है।

–प्रोफेसर सीमा सिंह, कुलपति

### 50 प्रतिशत अंक वाले अभ्यर्थी मान्य

समन्वयक प्रोफेसर पांडेय ने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, कृषि, वाणिज्य के स्नातक अथवा परास्नातक अथवा समकक्ष उपाधि में कम से कम 50% अंक पाने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। पात्रता से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा दो खंडों में विभाजित की गई है। प्रथम खंड में सामान्य मानसिक योग्यता तथा सामान्य जागरूकता से संबंधित प्रश्न पत्र तथा द्वितीय खंड में दिव्यांग बच्चों के मनोवैज्ञानिक समस्याओं को समझना और दो शिक्षण विषयों में अवबोध से संबंधित प्रश्न पत्र होंगे।

### 15 जून तक करें शुल्क भुगतान

बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन शुल्क भुगतान के अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। विलंब शुल्क सहित ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन, शुल्क भुगतान 24 जून तक किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि संसोधन 25 जून से 23 जून तेज तक निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र 8 जुलाई से डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा के संभावित तिथि 22 जुलाई निर्धारित की गई है। बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन शुल्क भुगतान के अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। विलंब शुल्क सहित ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन, शुल्क भुगतान 24 जून तक किए जा सकेंगे।

# TOP STORY

## B.Ed admission starts in UPRTOU, Prayagraj

Akash Jain
Agra:

The admission process in B.Ed special education has been started under B.Ed SE ODL Regulation 2021 in the Uttar Pradesh Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj, for 2023-24.

Professor Pradeep Kumar Pandey, coordinator of the entrance examination organising and steering committee, said that there are a total of 550 seats in the current session 2023-24 in B.Ed in which 50 seats are included for the low income group (EWS).

The B.Ed. Special Education Program will be run in 10 study centers on the basis of NOC granted by the Rehabilitation Council of India.

Out of these 10 study centers set up all over Uttar Pradesh, three study centers will be run by the Siksha Vidya Sakha of the university for the first time which will be related to career advancement specialization in the field of hearing impairment, visual impairment and IDD.

For Advt Contact 98187-99941





मुक्त चिन्तन

19 मई, 2023

# चाटी गॉव में योग जागरूकता तथा नशा मुक्त कार्यक्रम का आयोजन







उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा द्वारा गोद लिए गए गांव सराय मदन सिंह उर्फ चांटी में शुक्रवार दिनांक 19 मई, 2023 को योग जागरूकता तथा नशा मुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राज्यपाल सचिवालय के निर्देशानुसार मुक्त विश्वविद्यालय ने 8 मई से विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में योग जागरूकता अभियान की श्रृंखला प्रारंभ की थी, इसी कड़ी में आज होलागढ़ विकासखंड के अंतर्गत सराय मदन सिंह उर्फ चांटी गांव में शानदार ढंग से समापन हो गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी ने की।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। योग जागरूकता शिविर के प्रारंभ में चांटी गांव के प्रधान ने कुलपति, कुलसचिव एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों का स्वागत किया।

*गोद लिए गए गांव मदनसिंह सराय मदन सिंह उर्फ चाटी के बच्चों के साथ माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी*

## मुक्त चिन्तन

इस अवसर पर महिला अध्ययन केंद्र की सदस्य डॉ दीप्ति श्रीवास्तव ने ग्रामीण महिलाओं को जागरुक करते हुए कहा कि उनके लिए विश्वविद्यालय ने प्रवेश शुल्क में 50: की राहत दी है। उन्होंने योग जागरुकता के साथ उन्हें अन्य रोजगार परक एवं कौशल विकास से सम्बन्धित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की। स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा द्वारा अंगीकृत चांटी गांव में योग प्रशिक्षक श्री अमित कुमार सिंह, श्री अनुराग शुक्ला एवं श्री निकेत सिंह द्वारा स्वस्थ जीवन शैली के लिए ग्राम वासियों को योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया गया।





*कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरजा शंकर शुक्ल एवं कुलसचिव कर्नल विनय कुमार*







स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरिजा शंकर शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय गांवों में पहुंचकर समाज के उत्थान में विभिन्न आयामों के द्वारा संलग्न है। उत्तर प्रदेश शासन एवं उत्तर प्रदेश की माननीया श्री राज्यपाल जी के निर्देश पर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिया गए गांवों में योग जागरुकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही मतदाता जागरुकता एवं नशा उन्मूलन का अभियान चलाया जा रहा है।

## मुक्त चिन्तन

योग जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को योग के विभिन्न आसनों, पद्मासन, धनुरासन, मयूरासन, पवनमुक्तासन आदि अभ्यास कराते हुए प्रशिक्षक श्री अमित कुमार सिंह, श्री अनुराग शुक्ल एवं श्री निकेत






















## मुक्त चिन्तन

शिविर में नीलम उपाध्याय, संतोष कुमार पटेल, आनंद कुमार मौर्य, चंद्रशेखर पटेल, सुनील कुमार पटेल, ध्रुव प्रकाश पटेल, सूरज यादव, महेंद्र कुमार पटेल, चंद्रशेखर कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने ग्रामवासियों एवं अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।




















योग जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को योग के विभिन्न आसनों, पद्मासन, धनुरासन, मयूरासन, पवनमुक्तासन आदि अभ्यास कराते हुए प्रशिक्षक श्री अमित कुमार सिंह, श्री अनुराग शुक्ल एवं श्री निकेत










योग जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को योग के विभिन्न आसनों, पद्मासन, धनुरासन, मयूरासन, पवनमुक्तासन आदि अभ्यास कराते हुए प्रशिक्षक श्री अमित कुमार सिंह, श्री अनुराग शुक्ल एवं श्री निकेत

मुक्त चिन्तन

## योग के माध्यम से नशा मुक्त समाज का करें निर्माण : प्रोफेसर सीमा सिंह



समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता करती हुई विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि योग समग्र आरोग्य को प्रदान करता है।
उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज एवं योग में अभ्यास व्रत समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में सहायक हो सकते हैं। भारत युवाओं का देश है और नशा युवाओं की ऊर्जा एवं क्षमता को नष्ट कर देता है, जिससे राष्ट्र की हानि होती है।










माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि योग के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण का आह्वान करते हुए कहा कि नशे के विभिन्न विकारों एवं समाज में हो रही दुर्घटनाओं के प्रति सबको सचेत रहने की आवश्यकता है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि आज युवाओं को योग की महत्ता को अंगीकार करना होगा।

मुक्त चिन्तन

## कार्यक्रम की कुछ झलकियां














धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कुलसचिव कर्नल विनय कुमार



मुक्त चिन्तन

## कार्यक्रम की कुछ झलकियां












राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
नशे के विरुद्ध
अपना देश
कुलपति





*माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी के साथ सेल्फी लेते हुए गांव के बच्चे*











# नेत्र परीक्षण के साथ ही बीपी और शुगर की हुई जांच

# कुलाधिपति के निर्देश पर लगा मुविवि में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शुक्रवार दिनांक 19 मई, 2023 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज कार्यालय के सहयोग से विश्वविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी किया।**




*विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी के साथ स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रोफेसर जी.एस. शुक्ल, सीका निदेशक प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता, प्रोफेसर पी0 के0 पाण्डेय विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने वाले प्रयागराज के चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारीगण*




























अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराती हुई माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी



अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण





## मुक्त चिन्तन






















*अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण*

## मुक्त चिन्तन




स्वास्थ्य परीक्षण का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के हर कर्मचारी को चुस्त–दुरुस्त रहना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की माननीया कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर विश्वविद्यालय कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया है। स्वास्थ्य परीक्षण के सफल संचालन के लिए कुलपति प्रोफेसर सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रयागराज एवं उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से विश्वविद्यालय कर्मियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जायेगा। जिससे कर्मचारियों की कार्य क्षमता में दक्षता दिखाई पड़ेगी।



*अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण*

## मुक्त चिन्तन

विश्वविद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में चिकित्सकों की टीम ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की एवं नेत्र परीक्षण किया। उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सिंह ने स्वयं अपनी जांच करवा कर विश्वविद्यालय कर्मियों का उत्साह वर्धन किया। चिकित्सकों ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए जिससे वह अपने स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं। बीपी एवं शुगर को नियंत्रित करने के लिए नमक का कम से कम प्रयोग एवं प्रतिदिन प्रातः काल टहलने को आवश्यक मूल मंत्र बताया। शिविर में ऐसे लोग भी लाभान्वित हुए जिन्होंने पहली बार बीपी एवं शुगर की जांच कराई और उन्हें चिकित्सकों ने खतरे की आहट से आगाह कराया। स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा की तरफ से आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में चिकित्सकों का स्वागत स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर जी एस शुक्ल ने किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सकीय टीम का धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। इस अवसर पर निदेशकगण, शिक्षकों, प्रभारियों एवं कर्मचारियों आदि ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

स्वास्थ्य शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की तरफ से डॉ अंकिता पांडेय, डॉ राकेश कुमार सिंह, डॉ सुधांशु शुक्ला, श्री रमेश कुमार, श्री आलोक कुमार, श्री गुरु प्रसाद, मोहम्मद जफर खान, श्री घनश्याम, श्री अशोक कुमार, श्री सतीश नारायण एवं श्री अशोक कुमार का सहयोग सराहनीय रहा।





*अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण*
























RNI NO.UPHIN/2010/36547
लखनऊ, शनिवार, 20 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



सीबीआई के समक्ष पेश होंगे अभिषेक बनर्जी
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

## मुविवि में लगाया गया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

